प्रादेशिक समाचार
दिनांक–22.03.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. रांची समेत राज्य के अधिकांश जिलों में तेज बारिश और ओलावृष्टि से भारी तबाही, कई घरों को नुकसान, फसलें भी हुईं बर्बाद।
2. राज्य सरकार ने बारिश के कारण फसलों को हुए नुकसान का शुरु किया आकलन, कृषि मंत्री ने मुआवजा भुगतान को लेकर आपदा प्रबंधन मंत्री से की वार्ता।
3. आज सबेरे 10 बजे ही शुरु होगी विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही, ध्यानाकर्षण की छूटी हुई सूचनाओं पर होंगे सवाल–जवाब।
4. केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी आज गिरिडीह के हिंसा प्रभावित घोड़थम्बा का करेंगी दौरा, झामुमो सांसद डॉक्टर सरफराज अहमद ने कहा– दोषियों पर हो कड़ी कार्रवाई।
5. रांची में चल रही राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग में मेजबान झारखंड ने महाराष्ट्र को शून्य के मुकाबले एक गोल से हराया, जमुना कुमारी को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार।

********************

रांची समेत राज्य के अधिकांश हिस्सों में पिछले दो दिनों से हो रही तेज बारिश, आंधी और ओलावृष्टि से भारी तबाही हुई है। ओलावृष्टि और आंधी से फसलों के साथ कई घरों को भी नुकसान पहुंचा है। सबसे ज्यादा नुकसान लोहरदगा जिले में होने की खबर है। उधर वज्रपात से हजारीबाग जिले में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। इस बीच मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने राज्य में अगले दो दिन बारिश के साथ तूफानी हवा चलने, ओलावृष्टि और वज्रपात की संभावना व्यक्त की है।

********************

राज्य सरकार ने बारिश और ओलावृष्टि के बाद फसल को हुए नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने फसल नुकसान का मुआवजा राशि भुगतान को लेकर राज्य के आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से वार्ता की है। कृषि मंत्री ने अधिकारियों को फसल नुकसान का स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

********************

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही आज सबेरे 10 बजे से ही शुरु होगी। विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने कल सदन में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि कार्यवाही के दौरान सबेरे 10 बजे से 11 बजे तक ध्यानाकर्षण की वैसी सूचनाएं ली जायेंगी, जो पूर्व में किसी कारण से नहीं आ सकी थीं।

********************

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी आज गिरिडीह जिले के हिंसा प्रभावित घोड़थंबा का दौरा करेंगी। इससे पहले कल झामुमो के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य डॉक्टर सरफराज अहमद ने घटना स्थल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रशासन को दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

********************

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दोहराया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने आतंकवाद और नक्सलवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति अपनाई है। गृह मंत्रालय के कामकाज पर राज्यसभा में चर्चा का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में सरकार ने अपनी राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रौद्योगिकी के उपयोग से देश की सुरक्षा मजबूत की है।

********************

रांची में केंद्रीय सरना स्थल के पास बन रहे फ्लाईओवर के रैंप के विरोध में आदिवासी संगठनों ने आज रांची बंद का आह्वान किया है। रांची जिला पुलिस–प्रशासन की ओर से बंद से निपटने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

********************

राज्य के अन्य जिलों की तरह ही दुमका में भी कई महिलाओं को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इससे महिलाओं में रोष है।

********************

हजारीबाग में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से जिला स्तरीय हितधारक कानूनी परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रंजीत कुमार ने इसका उदघाटन किया। इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि किसी भी मामले में अनुसंधानकर्ता की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है और उन्हें विधि सम्मत कार्रवाई करनी चाहिए।

********************

लोहरदगा जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा और किशोर न्याय प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

********************

रांची में चल रही राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग में मेजबान झारखंड ने हॉकी महाराष्ट्र को शून्य के मुकाबले एक गोल से पराजित कर पूरे अंक अर्जित किए। झारखंड टीम की ओर से मैच के 50 वें मिनट में शांति कुमारी ने गोल किया। इस मैच में झारखंड टीम की जमुना कुमारी को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरुस्कार दिया गया।

********************

देवघर झारखंड स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से बोकारो में इंटर डिस्टिक अंडर–19 वूमेन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। पहला मैच देवघर और रांची के बीच खेला गया, जिसमें देवघर की टीम ने रांची की टीम को आठ विकेट से पराजित कर दिया।

********************

इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट का 18वां संस्करण आज से शुरू हो रहा है। कोलकाता में आज  आरंभिक मैच में मौजूदा चौंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

********************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य में बारिश से हुए नुकसान की खबर को प्रमुखता से प्रकाशिति किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है–पूरे राज्य में बारिश, ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान, आज भी औरेंज अलर्ट।

हिन्दुस्तान ने लिखा है–बालू लदे हाइवा से एसडीओ और डीएमओ को कुचलने का प्रयास।

दैनिक भास्कर ने चतरा में तीन माह के जुड़वा बेटों संग मां के जिंदा जलने की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण की सुर्खी है–आज से आइपीएल की शुरुआत होने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।